<u>एसबीआई – मास्टरकार्ड – नायका अभियान नियम एवं शर्तें</u>

**अक्सर पूछे जानेवाले प्रश्न**

1. **ऑफर क्या है?**
    - **नायका ब्यूटी - 3000 के न्यूनतम लेनदेन मूल्य पर 10% तत्काल छूट; एसबीआई मास्टरकार्ड डेबिट कार्ड** पर 500 की अधिकतम छूट
    - **नायका फैशन - 3000 के न्यूनतम लेनदेन मूल्य पर 10% तत्काल छूट; एसबीआई मास्टरकार्ड डेबिट कार्ड** पर 500 की अधिकतम छूट
    - **नायका मैन - 3000 के न्यूनतम लेनदेन मूल्य पर 10% तत्काल छूट; एसबीआई मास्टरकार्ड डेबिट कार्ड** पर 500 की अधिकतम छूट

- एक डिवाइस, एक कार्ड और एक उपयोगकर्ता का एक ही बार ऑफर मिलेगा।
- ऑफर केवल नायका ब्यूटी, नायका फैशन और नायका मैन ऐप्स और मोबाइल साइट पर संबंधित ऐप/मोबाइल साइट के लिए नीचे क्रमशः उल्लिखित कोड उपयोग करने पर मिलेगा।
  नायका ब्यूटी - **NBSBIDC**
  नायका फैशन - **NFSBIDC**
  नायका मेन - **NMSBIDC**
- यह ऑफर नायका रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध नहीं है।
- कॉर्पोरेट कार्ड पर ऑफर उपलब्ध नहीं है।
- ऑफर नायका ग्लोबल स्टोर पर उपलब्ध नहीं है।
- ऑफ़र डेस्कटॉप साइट पर उपलब्ध नहीं है
- नायका प्रो ग्राहकों को उपलब्ध है।

**2. मैं इस ऑफर का लाभ कैसे उठा सकता हूं?**

- यह ऑफर 3 सितंबर 2022 से 11 सितंबर 2022 तक वैध है।
- नायका ब्यूटी या फैशन या मैन ऐप डाउनलोड करें/नायका ब्यूटी या फैशन या मैन मोबाइल साइट पेज खोलें > कार्ट में उत्पाद जोड़ें > चेकआउट पर क्लिक करें > संबंधित ऐप/मोबाइल साइट पर ऑफर का लाभ उठाने के लिए उपर्युक्त कोड दर्ज करने के बाद भुगतान करने के लिए आगे बढ़ें > डेबिट कार्ड विकल्प का चयन करें और भुगतान पूरा करें।

**3. क्या मैं कई ऑर्डर दे सकता हूं और छूट का लाभ उठा सकता हूं?**

- नहीं, यह ऑफर एक कार्ड और एक उपयोगकर्ता के केवल एक लेनदेन के लिए है। यह कई आर्डरों पर लागू नहीं है।
- इसके अलावा, यदि किसी भी कारण से ऑफर वाला ऑर्डर रद्द किया जाता है, तो उसी कार्ड पर पुनः ऑफर का लाभ नहीं मिलेगा।

**4. ऑर्डर के वापस लौटाने (रिटर्न)/रद्द होने के मामले में क्या होता है?**

- इन ऑर्डरों को आंशिक निरस्त नहीं किया जा सकता। पूरा ऑर्डर निरस्त किया जा सकता है। ऐसे मामलों में भुगतान की पूरी राशि आपके एसबीआई मास्टरकार्ड डेबिट कार्ड पर वापस कर दी जाएगी।
- रिटर्न/निरस्त के मामले में, रिफंड की राशि छूट राशि घटाकर दी जाएगी – ऑर्डर को पूर्ण रूप से निरस्त देने पर, उसी कार्ड पर फिर से ऑफर का लाभ नहीं मिलेगा।

**5. क्या मैं एसबीआई मास्टरकार्ड डेबिट कार्ड ऑफर के साथ ऑर्डर में नायका रिवॉर्ड पॉइंट्स का उपयोग कर सकता हूं?**

हां, रिवॉर्ड पॉइंट्स को उसी ऑर्डर के साथ रिडीम किया जा सकता है।

**6. क्या मैं ऑर्डर के लिए भुगतान करने के लिए एसबीआई मास्टरकार्ड डेबिट कार्ड के साथ नायका गिफ्ट कार्ड और नायका वॉलेट का उपयोग कर सकता हूं?**

- उन सभी ऑर्डरों के लिए जिनमें कूपन कोड से एसबीआई मास्टरकार्ड डेबिट कार्ड ऑफर का लाभ लिया जा रहा है, कोई अन्य भुगतान माध्यम (नायका गिफ्ट कार्ड और नायका वॉलेट सहित) उपलब्ध नहीं होगा। – तथापि, अन्य सभी ऑर्डरों के लिए एसबीआई मास्टरकार्ड डेबिट कार्ड के साथ नायका गिफ्ट कार्ड या नायका वॉलेट के उपयोग से लेन-देन कर सकते हैं।

**ऑफर के नियम एवं शर्तें:**

- यह ऑफर एक तत्काल छूट है जो एसबीआई मास्टरकार्ड डेबिट कार्ड के फुल स्वाइप पर खरीदारी के समय अग्रिम रूप से दिया जाएगा।
- मास्टरकार्ड भागीदार (पार्टनर) द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता, वितरण या अन्यथा संबंधी न हो कोई गारंटी देता है या न ही उनका कोई प्रतिनिधित्व करता है। सेवाओं/ऑफरों के बारे में कार्डधारक कोई भी विवाद या दावे, मास्टरकार्ड के किसी भी संदर्भ बिना, सीधे भागीदार के साथ उठाएँ।
- पार्टनर द्वारा प्रस्तुत उक्त ऑफर के तहत कार्ड धारकों द्वारा खरीदे गए किसी भी सामान/सेवाओं/सुनिश्चित उपहार/उपहार वाउचर के उपयोग से उत्पन्न होने वाले किसी भी नुकसान/क्षति /दावे के लिए किसी भी तरह से मास्टरकार्ड उत्तरदायी नहीं होगा।
- सेवाओं की डिलीवरी में होने वाली किसी भी देरी या हानि के लिए मास्टरकार्ड उत्तरदायी नहीं होगा।
- यह ऑफर किसी अन्य ऑफर के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है।
- यदि प्रोमो कोड का उल्लेख पत्राचार के भाग के रूप में किया गया है (कृपया ऑफ़र विवरण टैब देखें) तो ग्राहक ऑफ़र का लाभ उठाने के लिए इस कोड का उपयोग करें; कोड उपयोग नहीं किए जाने की स्थिति में बाद की तारीख में ग्राहक को डिस्काउंट/कैशबैक नहीं दिया जाएगा।
- इस ऑफर में भाग लेने को इन नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति मानी जाएगी।
- मास्टरकार्ड किसी भी समय, बिना किसी पूर्व सूचना और बिना कोई कारण बताए, इन सभी नियमों एवं शर्तों को पूर्णतः या अंशतः बढ़ाने/बदलने/संशोधित/परिवर्तित करने या इसके स्थान पर किसी अन्य ऑफर लाने, चाहे वह इस प्रस्ताव की तरह हो या नहीं, या इसे बढ़ाने या पूर्णतः वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
- इस ऑफर पर देय हित-लाभ (जैसे रिवॉर्ड पॉइंट/कैशबैक) केवल उन खातों में दर्ज किए जाएंगे जो पोस्टिंग के समय सक्रिय होंगे।
- डेबिट कार्ड खाते जो पोस्टिंग के समय स्थायी रूप से विलंबित या बंद हैं में हित-लाभ पोस्ट नहीं किया जाएगा।
- कार्यशील पूंजी उपयोग के लिए अंकित रिटेल डेबिट कार्ड खातों में भी हित-लाभ पोस्ट नहीं किए जाएंगे।
- इस ऑफर में भाग लेने के लिए एसबीआई मास्टरकार्ड डेबिट कार्डधारक किसी भी तरह से बाध्य नहीं हैं। ऑफर में भागीदारी पूर्णतः स्वैच्छिक है और यह विशुद्ध रूप से 'सर्वोत्तम प्रयास' पर आधारित है।
- मास्टरकार्ड एतद्वारा ऐसे, समान या अन्य ऑफरों लाने की प्रतिबद्धता व्यक्त नहीं करता है।
- ऑफर केवल एसबीआई मास्टरकार्ड डेबिट कार्ड पर मान्य है।
- यह ऑफर नकदीकरणीय नहीं है, विस्तारणीय नहीं है और यह परक्रामणीय भी नहीं है।
- यदि किसी कार्ड सदस्य के पास 1 (एक) से अधिक एसबीआई मास्टरकार्ड डेबिट कार्ड हैं, तो उक्त ऑफर के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए एकाधिक कार्डों पर किए गए खर्च को जोड़ा नहीं जा सकता है।
- उपर्युक्त ऑफर केवल कुछ एसबीआई मास्टरकार्ड डेबिट कार्डधारकों के लिए मास्टरकार्ड और मर्चेंट द्वारा सह-वित्त पोषित एक विशेष प्रस्ताव है और यहाँ निहित कुछ भी, कार्ड सदस्य समझौते के नियमों एवं

शर्तों को प्रभावित नहीं करेगा। उपर्युक्त योजनाओं की शर्तें कार्ड सदस्य समझौते में निहित शर्तों के अतिरिक्त होंगी और विरुद्ध नहीं होंगी।

- उपर्युक्त प्रस्तावों के संबंध में या उससे युत्पन्न होने वाले या अन्य या यत्संबंधी सभी विवाद, यदि कोई हों, केवल मुंबई में सक्षम न्यायालयों/न्यायाधिकरणों के क्षेत्राधिकार के अधीन होंगे, भले ही अन्य क्षेत्रों में अदालतों/न्यायाधिकरणों का समवर्ती या समान अधिकार क्षेत्र हो।
- ऑफर संबंधी किसी भी प्रश्न पर पोस्टिंग की तारीख से 60 दिनों तक विचार किया जाएगा। उक्त तिथि के बाद मास्टरकार्ड कार्डधारक से इस ऑफर के बारे में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं करेगा।
- प्रमोशनल ऑफर के संबंध में लगाया गया कोई भी कर, सेवा प्रभार या अन्य शुल्क कार्ड धारक/विजेता द्वारा वहन किया जाएगा।
- मास्टरकार्ड और/या नायका किसी भी कार्डधारक को ऑफर के लाभों से अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं यदि कार्ड के उपयोग से ऑफर के तहत लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से किसी भी धोखाधड़ी गतिविधि या अन्यथा कोई उपयोग पाया जाता है।